# राम भजो सिया राम भजो रे राम बिना नही रहना

राम भजो सिया राम भजो रे,
राम बिना नहीं रहना,
मै नही कहता हूँ भाई,
यह सँत ग्रँथ का कहना,
बोलो हैना हैना हैना।bd।

तर्ज – एक डाल पर तोता बोले।

---

राम नाम की महिमा ऐसी,
जो ध्याए सुख पाए,
राम नाम मे जो रम जाए,
भव से वो तर जाए,
राम नाम जो ध्याए,
भव से वो तर जाए,
राम बिना न बीते,
तेरे दिन हो चाहै रैना,
बोलो हैना हैना हैना।bd।

---

मात पिता की सेवा करना,
सेवा से न घबराना,
लाख बुरा हो चाहे कोई,
उसको भी अपनाना,
लाख बुरा हो कोई,
उसको भी अपनाना,
मात पिता मे रहते भगवन,
इनको दुख न देना,
बोलो हैना हैना हैना।bd।

---

सेवा अपना धर्म समझ कर,
सेवा करते जाना,
राम कृपा से जो मिल जाए,
उसमे खुशी मनाना,
धर्म सदा अपनाना,
सेवा करते जाना,
राम कृपा जिस पर हो जाए,
उसका फिर क्या कहना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बोलो हैना हैना हैना।bd।

राम भजो सिया राम भजो रे,
राम बिना नही रहना,
मै नही कहता हूँ भाई,
यह सँत ग्रँथ का कहना,
बोलो हैना हैना हैना।bd।

– भजन लेखक एवं प्रेषक –
श्री शिवनारायण वर्मा,
मोबा.न.8818932923

वीडियो उपलब्ध नहीं।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com